भारत सरकार,गृह मंत्रालय
कार्यालय-कमाण्डेंट
57वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सितारगंज
जनपद-उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड),262405

Azadi Ka Amrit Mahotsav

पत्रांक संख्या.- थपलियाल खेड़ा /पायोनियर/57वीं/वाहिनी/स.सी.ब./20/- 1137-38 दिनांक.... 03/02/2022

सेवा में ,

श्रीमान प्रभागीय वनाधिकारी ,
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी,(उत्तराखंड)।

विषय:- सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी थपलियाल खेड़ा की स्थापना हेतु 0.99 हे० वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

महोदय,

अपर प्रमुख वन संरक्षक के पत्रांक संख्या-1729 दिनांक-17/01/2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमे प्रस्ताव की कमियों के निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया था | इसी संबंध में आपको सादर अवगत कराना है की सीमा चौकी थपलियाल खेड़ा की स्थापना हेतु प्रस्ताव में कुल 06 बिन्दुओं पर कमियों के निराकरण इस कार्यालय द्वारा किया गया है | जिनका विवरण निम्न है |

| क्रम सं. | आपत्ति | प्रतिउतर |
|---|---|---|
| 01 | प्रस्ताव में सलग्न प्रपत्र भाग -02 के सभी बिन्दुओ पर अंकित की जानी है। | उक्त बिन्दुओं का निराकरण प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय, हल्द्वानी स्तर से किया जाना है। |
| 02 | प्रस्ताव में सलग्न एस आई आर (प्रारूप-7) प्रपत्र पूर्ण रूप से भरा जाय व प्रपत्र में अंकित बिन्दुओ टिक मार्क किया जाये व साथ ही प्रपत्र पर सबंधित प्रभागीय वनाधिकारी की संस्तुति /टिप्पणी अंकित किया जाय। | |
| 03 | प्रस्ताव की पृष्ट संख्या 37 पर वृक्ष प्रभावित न होने का प्रमाण पत्र सलग्न किया गया है वहीँ पृष्ट संख्या 21 पर 01 वृक्ष प्रभावित होने का उल्लेख किया गया है स्थिति स्पस्ट करें। | प्रारूप 23 पृष्ट संख्या 37 पर प्रस्तावित परियोजना में 01 वृक्ष विद्यमान है जिसको प्रस्तावित विभाग द्वारा नहीं प्रभावित किया जायेगा। |
| 04 | प्रस्ताव में सलग्न बार चार्ट लम्बाईx चौड़ाई के प्रमाण पत्र/प्रपत्रों में एकरूपता नहीं है जिसमे लम्बाई एवं चौड़ाई के अनुसार मदवार विवरण का उल्लेख नहीं किया गया है। | प्रारूप 32 पृष्ठ संख्या 54(A) में एवं प्रारूप 17 पृष्ठ संख्या 30 जानकारी अंकित है |
| 05 | क्या प्रस्तावित परियोजना में मार्ग निर्माण प्रस्तावित है? यदि है तो प्रस्ताव में आवश्यकतानुसार सलग्न प्रपत्रों में उल्लेख किया जाये। | प्रस्तावित परियोजना में 1350 मीटर लम्बाई एवं 02 मीटर चौड़ाई का मार्ग निर्माण प्रस्तावित है जिसका विवरण पृष्ठ संख्या 11,17,27 ,29 ,54 (A) एवं सभी मैप में जानकारी अंकित है |
| 06 | प्रस्ताव में सलग्न प्रपत्र (प्रष्ठ संख्या 17 ) में रास्ते की लम्बाई 1350 मीटर अंकित की गयी है परन्तु बार चार्ट में दूरी 500-600 मीटर अंकित की गयी है स्थिति स्पस्ट करें। | प्रस्तावित परियोजना में 1350 मीटर लम्बाई एवं 02 मीटर चौड़ाई का मार्ग निर्माण प्रस्तावित है प्रारूप 17 पृष्ठ संख्या 30 जानकारी अंकित है |

इस सम्बन्ध में इस पत्र के साथ प्रस्ताव की 04 प्रतियां आपके कार्यालय को अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है | इस हेतु आपका सहयोग वाछनीय होगा |

भवदीय

(बृज पाल सिंह नेगी)
कमान्डेंट
57वीं वाहिनी स० सी० बल सितारगंज(उ०खंड)

सूचनार्थ :- श्रीमान वन संरक्षक पश्चिमी वृत, हल्द्वानी :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित |